मुरलीधर मोहोळ
MURLIDHAR MOHOL

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
नागर विमानन एवं सहकारिता
भारत सरकार
Minister of State for
Civil Aviation and Cooperation
Government of India

संदेश

हिन्दी अत्यन्त सरल एवं सहज भाषा है। इसमें देशी और विदेशी भाषाओं के तत्वों को अपने में समाने की अपार क्षमता है। अपनी सहजता और बोधगम्यता के कारण देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हिन्दी के प्रचार-प्रसार में वृद्धि हुई है। हमारी तेजी से बढ़ती हुई आधुनिक अर्थव्यवस्था में विकास के लाभों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाषा का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। अतः यह आवश्यक है कि हम अपने सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाएं ।

भारत के नागरिक के रूप में हमारा शासकीय दायित्व है कि हम अपनी राजभाषा का सम्मान करते हुए इसका अधिकाधिक प्रयोग एवं प्रचार कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें । इससे न केवल वैश्विक स्तर पर राजभाषा हिंदी को सम्मानजनक दर्जा प्राप्त होगा बल्कि देश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा ।

अत: हिंदी दिवस, 2025 के पावन अवसर पर हमारा यह संकल्प हो कि हम अपने शासकीय कार्य में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे ।

हिंदी दिवस, 2025 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ।

(मुरलीधर मोहोल)

Ministry of Civil Aviation, Room No.-360, B-Block, Rajiv Gandhi Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi-110003
Office Tel. : +91-11-24627231, 24626001; E-mail : mos.moca@gov.in, Web : www.civilaviation.gov.in
Ministry of Cooperation : 8th Floor, Atal Akshay, Urja Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003